@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 04 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 259 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan CM Orders Crackdown on Drug Cartels, Targets Illegal Assets and Drone Smuggling

FAIR REPORT



**Jaipur:** In a strong message against organised crime and the growing menace of narcotics, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Tuesday directed authorities to intensify action against drug trafficking networks and dismantle their financial infrastructure through aggressive legal measures.

Chairing a high-level meeting of the Home Department at the Chief Minister's Residence, Sharma instructed officials to ensure strict action against gangs involved in the narcotics trade. He emphasized the seizure, attachment, confiscation and demolition of illegally acquired properties linked to drug traffickers, stating that economic disruption is key to breaking the backbone of organised crime.

The Chief Minister also expressed concern over the increasing use of drones for smuggling activities in border regions. He directed security agencies to strengthen surveillance mechanisms and deploy advanced monitoring systems to curb cross-border trafficking and other unlawful activities.

Highlighting the need for a multi-pronged strategy, Sharma called for extensive public awareness campaigns against drug abuse, particularly among youth. He stressed that law enforcement alone cannot eliminate the menace unless society actively participates in prevention efforts.

The meeting also focused on traffic and public safety concerns. Sharma ordered strict enforcement against vehicles fitted with illegal modifications and black-tinted films, directing police authorities to launch targeted drives across the state.

The directives come amid growing concerns over the nexus between narcotics trafficking, organised crime and cross-border smuggling. With the state government signalling a zero-tolerance approach, Rajasthan is set to witness one of its toughest crackdowns on drug networks and associated criminal enterprises in recent years.

## Andhra Pradesh Congratulates D K Shivakumar, Seeks Stronger Ties with Karnataka

FAIR REPORT




**Bengaluru/Amaravati:** Andhra Pradesh has extended warm congratulations to senior Congress leader D K Shivakumar on assuming office as the Chief Minister of Karnataka, while expressing hope for deeper cooperation between the two neighbouring states. In a message released on Wednesday, Andhra Pradesh leadership conveyed its best wishes to Shivakumar as he takes charge of one of India's most economically significant states. The statement emphasized the long-standing relationship between Andhra Pradesh and Karnataka, rooted in shared cultural traditions, economic engagement, and strong people-to-people ties. "Heartiest congratulations to Shri D K Shivakumar Garu on assuming office as the Chief Minister of Karnataka. I convey my best wishes as he takes on this important responsibility in service of the people of Karnataka," the message said.

The statement further highlighted the close historical and geographical links between the two southern states, noting that cooperation between Andhra Pradesh and Karnataka has played a crucial role in promoting regional growth and development. It expressed confidence that the partnership would continue to expand in areas such as trade, infrastructure, investment, technology, water management, and public welfare. Political observers view the message as a reflection of the growing emphasis on cooperative federalism, with states increasingly working together to address common challenges and accelerate economic progress. As Karnataka embarks on a new political chapter under Shivakumar's leadership, Andhra Pradesh reiterated its commitment to strengthening bilateral engagement and fostering collaborative initiatives aimed at enhancing prosperity for the people of both states and contributing to the broader development of the nation.

## Road to Growth: Centre Clears Major Highway Expansion in Telangana, Promising Faster Travel and Economic Momentum

FAIR REPORT



**Hyderabad:** In a significant boost to Telangana's infrastructure landscape, the Union Cabinet has approved the widening of key National Highway stretches connecting Armoor, Jagtial, Mancherial and Karimnagar, paving the way for enhanced connectivity across some of the state's fastest-growing economic corridors. The ambitious highway expansion project is expected to transform regional mobility by reducing travel time, easing traffic congestion and improving the movement of goods and passengers. Officials said the upgraded road network will strengthen links between industrial clusters, agricultural markets and urban centres, creating fresh opportunities for investment and employment.

The approval comes at a time when Telangana is witnessing rapid industrial and urban growth, placing increasing pressure on existing transport infrastructure. Improved highways are expected to facilitate smoother logistics operations, lower transportation costs and provide a crucial boost to sectors such as manufacturing, mining, agriculture and trade. Experts believe the project could emerge as a catalyst for balanced regional development, particularly in northern Telangana, where better road connectivity has long been viewed as essential for unlocking economic potential. Enhanced infrastructure is also expected to improve access to education, healthcare and public services for thousands of residents in the region. The Cabinet's decision reflects the Centre's continued emphasis on infrastructure-led growth, with highways increasingly being viewed as engines of economic transformation. Once completed, the widened corridors are expected to improve road safety, support rising traffic volumes and strengthen Telangana's position as a key logistics and industrial hub in southern India.

## ₹3,800 A NIGHT, 21 LIVES LOST: THE DELHI HOTEL FIRE THAT EXPOSES A SYSTEM ROTTING FROM WITHIN

FAIR REPORT



**NEW DELHI:** It advertised itself as a comfortable mid-budget stay in Malviya Nagar. On MakeMyTrip, a room went for 3,800 a night — the kind of hotel thousands of travelling professionals book without a second thought. On Wednesday, it became the site of one of Delhi's deadliest fire tragedies in recent memory, claiming 21 lives.

Reports have identified the hotel's primary owner as Lokesh Bajaj. The property, however, was allegedly operated by three partners who collectively hold interests in several other hotels and guest houses across the city — a network that will now face intense scrutiny from fire safety and municipal authorities.

The multi-partner ownership model, common in Delhi's mid-budget hospitality trade, diffuses accountability in ways that prove fatal in crisis. When fire breaks out, responsibility for safety lapses disappears into a fog of shared liability and bureaucratic finger-pointing.

This is not Delhi's first such tragedy. The 2019 Karol Bagh hotel fire killed 17 people and produced outrage, arrests, and promises of systemic reform. The system did not reform. Delhi has thousands of hotels operating with expired or absent fire safety certificates. Inspections are infrequent, penalties negotiable, and licences — in too many cases — a formality rather than a guarantee. The ashes in Malviya Nagar demand accountability that goes beyond one hotel, one owner, and one tragedy.

## Delhi Hotel Fire Tragedy: Co-Owner Arrested as Probe Uncovers Alleged Safety Lapses

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a significant breakthrough in the investigation into the devastating hotel fire in Delhi's Malviya Nagar that claimed 21 lives, Delhi Police have arrested the hotel's co-owner, Lavkesh Bajaj, who had allegedly been absconding since the incident. The arrest comes amid mounting scrutiny over serious violations of fire safety and building regulations that may have contributed to one of the capital's deadliest hospitality-sector disasters in recent years.

Authorities revealed that Bajaj was taken into custody following an extensive search operation. Earlier, police had issued a lookout circular against him after he allegedly failed to cooperate with investigators in the aftermath of the tragedy.

The fire, which engulfed the hotel and led to the deaths of 21 people, including foreign nationals, has raised troubling questions about compliance with mandatory safety norms. Preliminary investigations reportedly indicate multiple violations, ranging from inadequate fire-fighting equipment to potential shortcomings in emergency evacuation measures.

The arrest is expected to intensify the ongoing probe, with investigators examining whether negligence, regulatory breaches, or deliberate non-compliance played a role in the scale of the disaster. Officials are also reviewing the hotel's licensing and inspection history to determine if warning signs were overlooked.

The tragedy has once again spotlighted the persistent challenge of enforcing fire safety standards across commercial establishments in India's major cities. As grieving families await justice, the case serves as a stark reminder that safety regulations are not mere formalities but safeguards designed to protect human lives. With the investigation gathering pace, authorities are expected to pursue accountability at every level, ensuring that responsibility for the devastating loss of life is firmly established.

## Political Earthquake in Britain: Parliament's Pakistani Grooming Gang Findings Ignite International Outrage

FAIR REPORT



**London:** A fierce political storm has erupted in the United Kingdom after explosive discussions in Parliament reignited scrutiny over organized child sexual exploitation cases involving gangs of predominantly Pakistani-origin men. Lawmakers demanded accountability from authorities accused of ignoring warning signs for years, fearing accusations of racism and community tensions. The revelations have reopened painful national debates about policing failures, political correctness, and the protection of vulnerable children. Several MPs argued that institutional hesitation allowed criminal networks to operate unchecked, leading to devastating consequences for hundreds of victims across multiple British towns.

As fresh investigations and reviews gather momentum, the controversy is once again placing Britain's multicultural policies, law-enforcement priorities, and community relations under intense public scrutiny. The issue has triggered widespread debate not only within the UK but also internationally, with observers questioning how systemic failures persisted despite repeated warnings from victims and whistleblowers.

The fallout from the parliamentary debate is expected to reverberate through British politics for months, as demands grow for transparency, justice, and accountability at every level of government.

राजस्थान सरकार का एकीकृत डिजिटल प्रशासनिक प्लेटफॉर्म बनकर उभरा राज-काज, 71 विभागों और 57 हजार से अधिक कार्यालयों में सफल क्रियान्वयन

# सरकारी काम की डिजिटल रफ्तार, दो महीनों में ही 9.22 लाख ई-फाइलों का निस्तारण

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान सरकार प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करने के लिए डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में निरंतर पहल कर रही है। इसी दिशा में विकसित 'राज-काज' राज्य सरकार का एकीकृत डिजिटल प्रशासनिक प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। इसने शासन प्रक्रियाओं को अधिक तेज, पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाया है।

दरअसल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा विकसित राज-काज प्लेटफॉर्म सचिवालय से लेकर जिला, उपखंड व ब्लॉक स्तर तक शासकीय व अर्ध-शासकीय कार्यालयों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण को सफलतापूर्वक सुनिश्चित कर रहा है। इसका नतीजा है कि राज-काज के अंतर्गत वर्तमान में राज्य के 71 प्रशासनिक विभागों और 57 हजार से अधिक कार्यालयों को एकीकृत डिजिटल मंच पर जोड़ा जा चुका है। इससे विभागीय समन्वय, निर्णय प्रक्रिया व फाइल प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही, कार्य निष्पादन की गति में वृद्धि हुई है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा भी राज-काज प्रणाली की नियमित ऑनलाइन समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। विशेष रूप से औसत फाइल निस्तारण




समय जैसे प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर सतत् निगरानी से विभागों में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन को बढ़ावा मिला है।

**अचल संपत्ति विवरण भी ऑनलाइन दिया :** राज-काज 2.0 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक मॉड्यूल सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं। जनवरी 2026 में 8 लाख 444 कार्मिकों द्वारा राज-काज 2.0 के माध्यम से अपना अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन मॉड्यूल के माध्यम से अप्रेल व मई के दौरान 3 लाख से अधिक कार्मिकों ने अपना वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन सफलतापूर्वक ऑनलाइन प्रस्तुत किया। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और दक्ष बनी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे डिजिटल नवाचारों के परिणामस्वरूप प्रशासनिक दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राज-काज डिजिटल राजस्थान के निर्माण की दिशा में एक सशक्त आधारशिला के रूप में उभर रहा है, जो प्रशासनिक सुधारों एवं सुशासन के नए मानक स्थापित कर रहा है।

## 50 लाख से अधिक ई-फाइलों का किया जा चुका सृजन

राज-काज के माध्यम से अब तक 50 लाख से अधिक ई-फाइलों का सफल सृजन किया जा चुका है। अभी हाल ही केवल दो महीनों अप्रेल और मई के दौरान राज्य स्तर पर 9.22 लाख ई-फाइलों का निस्तारण किया गया, जिनमें 51.51 लाख से अधिक फाइल मूवमेंट्स दर्ज किए गए। यह उपलब्धि दर्शाती है कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में डिजिटल प्रणाली का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। इससे मैन्युअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम हुई है और कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही को मजबूती मिली है। सचिवालय स्तर की बात करें तो अप्रेल व मई के दौरान लगभग 10 हजार ई-फाइलों का सृजन किया गया। इन ई-फाइलों के संबंध में 4447 कार्मिकों द्वारा 5.4 लाख से अधिक फाइल मूवमेंट्स दर्ज किए गए।

## पत्र प्राप्ति और डाक प्रेषण प्रणाली भी हुई डिजिटल

राज-काज के माध्यम से पत्राचार व डाक प्रबंधन प्रणाली में भी व्यापक सुधार हुआ है। राज्य स्तर पर अप्रेल व मई के दौरान 2.35 लाख पत्र प्राप्त किए गए और 4.70 लाख ई-डाक का प्रेषण किया गया। वहीं, सचिवालय स्तर पर इसी अवधि में 55.8 हजार पत्र प्राप्त हुए और 47.2 हजार ई-डाक प्रेषित की गई। इस डिजिटल व्यवस्था ने कार्यालयों के बीच संचार को अधिक त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी बनाया है।

---

**प्राध्यापक- कृषि एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025**

## GK में 55.06 और राजनीति विज्ञान के पेपर में 56.07% परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा दो पारियों में आयोजित प्राध्यापक कृषि एवं कोच प्रतियोगियों परीक्षा 2025 का जयपुर जिले में रविवार को आयोजन हुआ।

परीक्षा समन्वयक व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित उक्त परीक्षा की प्रथम पारी में आयोजित सामान्य ज्ञान की परीक्षा 181 परीक्षा केदो पर आयोजित हुई जिसमें पंजीकृत कल 66740 परीक्षार्थियों में से 36748 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उक्त परीक्षा में 55.06 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं उक्त परीक्षा की द्वितीय पारी में आयोजित राजनीति विज्ञान के पेपर के लिए कुल 67 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें कुल पंजीकृत 17370 परीक्षार्थियों में से 9740 उपस्थित रहे। इस प्रकार उक्त परीक्षा में 56.07 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

---

राजस्थान को विश्व पर्यटन मानचित्र पर नंबर वन बनाने के लिए योजनाएं बनाने पर जोर

# जैसलमेर-बाड़मेर बनेगा दुबई जैसा डेजर्ट एडवेंचर हब, पर्यटकों को मिलेगा AI एप



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

विश्व पर्यटन के मानचित्र पर राजस्थान जल्द ही नंबर वन डेस्टिनेशन के रूप में अपनी नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। इसको लेकर पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसकी बानगी है कि दुबई के समान जैसलमेर-बाड़मेर को वर्ल्ड-क्लास डेजर्ट एडवेंचर हब बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

पर्यटन भवन में बुधवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिया कुमारी ने राजस्थान को विश्व पर्यटन मानचित्र पर नंबर वन डेस्टिनेशन बनाने के लिए अधिकारियों को संकल्पित होकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समयबद्धता के साथ सभी पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किया जाए, ताकि राजस्थान पर्यटन विश्व पर्यटन का सिरमौर बन सके। उन्होंने प्रमुख परियोजनाओं में शामिल पुष्कर कॉरिडोर, महाराणा प्रताप सर्किट, वॉर म्यूजियम झुंझुनूं, आमेर मास्टर प्लान आदि की प्रगति को लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को तय समय-सीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इस दौरान दुबई के समान राजस्थान के जैसलमेर-बाड़मेर को वर्ल्ड-क्लास डेजर्ट एडवेंचर हब बनाने को लेकर कार्य योजना बनाने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने के लिए बहुत से एप पहले से मौजूद हैं। ऐसे में विभाग यह चाहता है कि टूरिज्म एप में एआई का समावेश हो, ताकि टूरिस्ट को नवाचारों के साथ तकनीकी सहायता भी मिल सके।

### पर्यटन बढ़ाने को लेकर ये भी दिए निर्देश

- देश-विदेश में रोड शो द्वारा राजस्थान पर्यटन के प्रमोशन पर जोर और गहन ब्रांडिंग और मार्केटिंग की आवश्यकता जताई, जिसमें सोशल मीडिया का उपयोग करने को कहा।
- एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान का स्वच्छ आकाश और न्यूनतम प्रकाश प्रदूषण इसे विश्व का सर्वश्रेष्ठ स्टारगेजिंग डेस्टिनेशन बनाते हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर को स्टारगेजिंग हब बनाने एस्ट्रो टूरिज्म पर चर्चा हुई, ताकि टूरिस्ट टेलीस्कोप से तारे और मिल्की-वे देख सके।
- मेड़ता स्थित मीरा बाई मंदिर में विकास कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए
- पश्चिमी राजस्थान के इलाकों को डार्क स्काई रिजर्व घोषित करने व प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र माउंट आबू में ऑब्जरवेटरी टूरिज्म शुरू करने पर चर्चा हुई।
- उदयपुर में वेडिंग प्रोमोशन इवेंट करवाने और घूमर फेस्टिवल करने पर निर्देश दिए।
- 18 नवम्बर 2027 को जयपुर की स्थापना के 300 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को वर्ष पर्यंत उत्सव मनाए जाने को लेकर योजना तैयार करने को कहा।
- शेखावाटी हवेलियों और जयपुर वॉल सिटी पर फ्रेस्को पेंटिंग कर सौंदर्यकरण के निर्देश दिए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पर्यटन सचिव शुचि त्यागी, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, पवन जैन, संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

---

## अब प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली, टोंक-चित्तौड़गढ़ भी जुड़े

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रदेश में कृषि उपभोक्ताओं को कृषि कार्य के लिए 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने को लेकर सरकार ने प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसी संकल्प के साथ विद्युत वितरण निगम चरणबद्ध रूप से कार्य कर रहे हैं। सर्वाधिक कृषि उपभोक्ताओं वाले चित्तौड़गढ़ जिले व टोंक जिले के किसानों को भी अब दिन में दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति से जोड़ दिया गया है। जिसके बाद अब 26 जिलों में किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली मिलने लगी है।

ऊर्जा सचिव एवं डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि जयपुर, जोधपुर व अजमेर



डिस्कॉम द्वारा दिन में दो ब्लॉक में बिजली सप्लाई की बाधाओं को दूर करने को प्राथमिकता दी जा रही है। विगत ढाई वर्ष में चित्तौडगढ़ जिले में 132 केवी के 2 और 33 केवी के 4 नए जीएसएस बनाए गए हैं। यहां प्रसारण व वितरण क्षमता में 563 एमवीए की बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार टोंक जिले में 33 केवी के 5 नए जीएसएस बनाए गए हैं। टोंक में ट्रांसफार्मरों की क्षमता में 142.40 एमवीए की वृद्धि की गई है। जिसके बाद अब दोनों जिलों के कृषि उपभोक्ताओं को दो ब्लॉक बिजली आपूर्ति से जोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि चित्तौडगढ़ प्रदेश में कृषि उपभोक्ताओं की सर्वाधिक संख्या वाला जिला है, जहां 1.01 लाख कृषि उपभोक्ता हैं। वहीं जयपुर डिस्कॉम के टोंक सर्किल में 34,748 कृषि उपभोक्ता हैं। इससे पहले अप्रेल में जेवीवीएनएल के दौसा व करौली जिले इस दायरे में लाए गए थे। डोगरा ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम के 14 में से 13, जयपुर विद्युत वितरण निगम के 15 में से 10 और जोधपुर वितरण निगम के 12 में से 3 जिलों में कृषि क्षेत्र को दिन में दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध हो रही है।

---

## विद्युत उत्पादन में रिकॉर्ड, 23 इकाइयों से 7171 मेगावाट का सर्वाधिक उत्पादन

### ऊर्जा मंत्री बोले, उत्पादन निगम के गठन के बाद से अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीगृहों की कोयला आधारित कुल क्षमता 7580 मेगावाट क्षमता की 23 इकाइयों ने 2 जून की रात 10 बजे अब तक का उच्चतम 7171 मेगावाट बिजली उत्पादन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उत्पादन निगम के गठन के बाद से यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिजली उत्पादन है। यह जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा- यह उपलब्धि पूर्व में 31 जनवरी 2025 को कोल आधारित इकाइयों द्वारा किए गए 6833 मेगावाट उत्पादन से अधिक है। पूर्व में 22 इकाइयों से उपलब्ध 7330 मेगावाट कुल उत्पादन क्षमता का 93.22 प्रतिशत यूटिलाइजेशन किया गया था। जबकि 2 जून को कोल आधारित इकाइयों द्वारा 7580 मेगावाट कुल उत्पादन क्षमता का 94.60 प्रतिशत यूटिलाइजेशन रहा जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

ऊर्जा सचिव आरती डोगरा और उधर, आरवीयूएनएल के अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने बताया कि 2 जून को ही सूरतगढ़ थर्मल विद्युतगृह की सभी 8 इकाइयों (कुल क्षमता 2820 मेगावाट) द्वारा भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2790 मेगावाट उत्पादन किया गया है। बेहतर रखरखाव, कुशल वार्षिक अनुरक्षण और श्रेष्ठ संचालन से बिजली उत्पादन ने यह सफलता हासिल की है।

---

मुख्य सचिव ने ली बैठक, कहा- आईएफएमएस 3.0 से प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था बनेगी अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक सक्षम

# साइबर सुरक्षा को दें प्राथमिकता, एआई के उपयोग पर करें फोकस

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान सरकार तकनीक आधारित सुशासन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है तथा इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) 3.0 राज्य की वित्तीय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह, ट्रेसेबल और नागरिक-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसे अधिक सक्षम बनाया जा रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन, भुगतान प्रक्रिया, वित्तीय निगरानी तथा लेखा प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने बुधवार को सचिवालय




से आयोजित आईएफएमएस 3.0 वेबिनार में यह जानकारी दी।

उन्होंने अधिकारियों को सभी मॉड्यूल्स का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सुशासन की सोच के अनुरूप राज्य की ट्रेजरी एवं वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को और अधिक आधुनिक, मजबूत तथा विश्वसनीय बनाया जा रहा है।

उन्होंने आईएफएमएस 3.0 को अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुविधाओं और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों के मध्य बेहतर समन्वय, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा विभिन्न जिलों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने आहरण व वितरण अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों तथा संबंधित कार्मिकों के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव ने साइबर सुरक्षा की समीक्षा के दौरान कहा कि डिजिटल वित्तीय प्रणाली में डेटा सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने मजबूत साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल, नियमित सुरक्षा ऑडिट तथा साइबर खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेटा की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी विभागों को सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि आईएफएमएस 3.0 राज्य की वित्तीय व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों एवं योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है तथा एसएनए स्पर्श सहित विभिन्न वित्तीय प्रणालियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वित्तीय प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन अन्य राज्य भी कर रहे हैं।

वेबिनार में अतिरिक्त निदेशक (आईएफएमएस) मनीष शुक्ला ने आईएफएमएस 3.0 के विभिन्न मॉड्यूल्स, ट्रेजरी प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन प्रणाली, हेल्प डेस्क एवं सपोर्ट सिस्टम, एसएनए स्पर्श तथा साइबर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में विशेष शासन सचिव वित्त (बजट) शिवांगी स्वर्णकार, संयुक्त शासन सचिव (कोष एवं लेखा) संध्या शर्मा सहित बजट, वित्त, कोष एवं लेखा विभाग, (आईटी) एनआईसी के अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न जिलों के कलेक्टर, कोषाधिकारी एवं उप कोषाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वेबिनार से जुड़े।

---

## ब्रीफ खबरें

### औद्योगिक कनेक्टिविटी: रीको और पीडब्ल्यूडी मिलकर बनाएंगे सड़कें

**जयपुर।** रीको द्वारा राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। राज्य के कई रीको औद्योगिक क्षेत्र राज्य राजमार्गों से जुड़े हुए हैं, जहां उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों के सुगम परिवहन हेतु सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रीको एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 38 सड़कों का विकास कोस्ट शेयरिंग मॉडल पर किया जायेगा। इसके अंतर्गत कुल व्यय का 50 प्रतिशत भाग रीको द्वारा वहन किया जायेगा। रीको के 38 औद्योगिक क्षेत्रों की एप्रोच सड़कों की पहचान की गई है, जो सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित हैं। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 205 किलोमीटर है, जिनके सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण पर लगभग 290 करोड़ रुपये का व्यय होगा। ये सड़कें आबूरोड, अजमेर, बालोतरा, बांसवाड़ा, भरतपुर, भीलवाड़ा, चुरू, दौसा, जयपुर, जालौर, झालावाड़, कोटा, नीमराना, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर और उदयपुर के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभान्वित करेंगी। इन सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें रीको और पीडब्ल्यूडी की 50-50 प्रतिशत वित्तीय साझेदारी होगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) ने 205 किमी लंबी 38 सड़को के निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रुपये 290.82 करोड़ जारी कर दी है। रीको के निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदन के उपरांत रीको की कुल सहभागिता राशि ₹ 145.41 करोड़ में से 50% राशि ₹ 72.70 करोड़ सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) को हस्तांतरित की जा चुकी है। अब सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इन सड़कों के उन्नयन एवं सुदृढीकरण हेतु निविदायें आमंत्रित कर कार्य करवाये जावेंगे।

### देवनानी ने यमुनोत्री के किए दर्शन

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तराखंड प्रवास के दौरान बुधवार को पवित्र यमुनोत्री धाम पहुंच कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। देवनानी गुरुवार को गंगोत्री के दर्शन करेंगे। देवनानी ने मां यमुना के पावन धाम में विधिवत दर्शन कर देश एवं राजस्थान की उन्नति, जनकल्याण तथा सर्वजन मंगल की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में यमुना आस्था, आध्यात्मिक चेतना



और जीवनदायिनी शक्ति की प्रतीक हैं।

**टिहरी सड़क हादसे जताया शोक:** देवनानी ने उत्तराखंड के टिहरी क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। देवनानी ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना भी की।

**दिल्ली के मालवीय नगर में आग की घटना पर जताया शोक:** देवनानी ने दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र में आग लगने से हुई जनहानि पर गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आग की इस दुखद घटना में लोगों के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डेयरी मंत्री ने ली हाई-लेवल बैठक



**जयपुर।** राजस्थान में डेयरी नेटवर्क को मजबूत करने और पशुपालकों को संबल देने के लिए राज्य सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को शासन सचिवालय में डेयरी विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राजस्थान कोपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) की प्रबंध संचालक (MD) श्रुति भारद्धाज सहित विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बजट घोषणाओं, लंबित भुगतानों और बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तृत मंथन हुआ। कैबिनेट मंत्री ने डेयरी नेटवर्क में पारदर्शिता लाने के लिए बड़े निर्देश दिए। अब नई आवंटन नीति के तहत दुग्ध सहकारी समितियां और दुग्ध संकलन केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इनका आवंटन भी पूरी तरह ऑनलाइन ही होगा। मंत्री ने बल्क मिल्क कूलर्स (BMC) के आवंटन की भी समीक्षा की। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सुधार की जानकारी देते हुए बताया कि नई नीति के तहत अब दुग्ध समितियां अपने स्वयं के पूंजी निवेश से भी बीएमसी स्थापित कर सकेंगी। इससे दूध की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी। बैठक में राज्य में बनकर तैयार हो चुके नए प्रोसेसिंग और कैटल फीड प्लांट्स के लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की गई। मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि जयपुर डेयरी में 10 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाली एक और नई प्रोसेसिंग यूनिट, राजसमंद में 50 हजार लीटर क्षमता का नया प्रोसेसिंग प्लांट बनकर तैयार है।

## ब्रीफ खबरें

## माहेश्वरी यूथ सोसायटी की नई कार्यकारिणी घोषित, युवा नेतृत्व को मिली जिम्मेदारी

### नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीष सोनी ने पदाधिकारियों और जंबो कार्यकारिणी का किया गठन



FAIR REPORT

**निम्बाहेड़ा-** माहेश्वरी यूथ सोसायटी की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीष सोनी ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से युवा एवं ऊर्जावान सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुए नई टीम का गठन किया है। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार संरक्षक मंडल में श्याम मूंदड़ा, ओमप्रकाश काबरा, राकेश लड्डा, मनीष मालू एवं अखिलेश भराडिया को शामिल किया गया है। महासचिव पद पर संजय कासट, महामंत्री पद पर रौनक धूत तथा कोषाध्यक्ष पद पर सीए वैभव राठी को नियुक्त किया गया है। सोसायटी के उपाध्यक्ष के रूप में सुमित चंडक, प्रीतम धूत एवं दीपक लड्डा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मंत्री पद पर गौरव सोमानी, आयुष गगरानी, प्रतीक बाल्दी एवं हरीश भराडिया को मनोनीत किया गया है। नई कार्यकारिणी में प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में यश लड्डा एवं अंकित भराडिया को दायित्व दिया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में अर्पित सोमानी एवं पवन समदानी को नियुक्त किया गया है। सलाहकार मंडल में एडवोकेट कौशल भराडिया, दिनेश सोमानी एवं पंकज मंडोवरा को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महेरा सारड़ा, सुशील सोमानी, राहुल मालू, दीपक लड्डा एवं अनमोल राठी को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष सोनी ने कहा कि माहेश्वरी यूथ सोसायटी समाजहित, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, ऊर्जा उपवास अभियान आज से



**भीलवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भीलवाड़ा में एक अनूठे 'ऊर्जा उपवास' अभियान की शुरुआत होने जा रही है। अपना संस्थान, भारत विकास परिषद और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में 4 जून, गुरुवार रात 8:15 बजे नगर निगम के महाराणा प्रताप सभागार में इस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। शास्त्रीनगर स्थित भारत विकास परिषद भवन में आयोजित एक संयुक्त बैठक में इस अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। 'ऊर्जा उपवास' का उद्देश्य शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में पेट्रोल-डीजल की बचत करना, बिजली-पानी का सीमित उपभोग, एसी (AC), टीवी और मोबाइल का उपयोग कम करके पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है। बैठक में संस्थान सचिव विनोद मैलाना ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य भीलवाड़ा से देश में ऊर्जा बचत-पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। बैठक में समन्वयक श्यामलाल कुमावत, नगर निगम के सीएसई संजय खोखर, मदनलाल खटोड़, डॉ. सुरेश भदादा सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## 13 माह बाद खुला कातिल पति का राज, पंखे से लटकाया था पत्नी को



**नागौर/खींवसर।** नागौर पुलिस ने 13 माह पुराने एक ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करते हुए पत्नी की हत्या कर उसे आत्महत्या बताने का प्रयास करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और बाद में शव को पंखे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी के निर्देशन तथा सहायक पुलिस अधीक्षक जतिन जैन के सुपरविजन में खींवसर थाना पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझाई। पुलिस ने आरोपी पति चन्द्रिका सहनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 8 अप्रेल 2025 की रात खींवसर क्षेत्र के बैरावास स्थित एक चुना भट्टे पर रहने वाले मजदूर परिवार में यह घटना हुई थी। मृतका गिरजा देवी पति और बच्चों के साथ सो रही थी। अगले दिन सुबह परिवार को बताया गया कि गिरजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पंखे से साड़ी का फंदा भी लटका हुआ मिला, जिसके चलते शुरुआती तौर पर मामला आत्महत्या माना गया और मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की गई। करीब एक वर्ष बाद लंबित मर्ग मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस ने मामले की फाइल खोली। पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट के विश्लेषण में सामने आया कि महिला की मौत गला घोंटने से हुई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच तेज की। गुजरात से दबोचा आरोपी जांच के दौरान पुलिस टीम आरोपी की तलाश में गुजरात के राजकोट पहुंची। वहां से संदिग्ध पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ में आरोपी टूट गया और उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

## 'भारतीय ज्ञान परंपरा केन्द्र' स्थापित, प्राचीन-आधुनिक ज्ञान का होगा संगम

**झालावाड़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर की प्रबंध बोर्ड की बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विस्तार को नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें सबसे प्रमुख निर्णय विश्वविद्यालय परिसर में 'भारतीय ज्ञान परंपरा केन्द्र' की स्थापना का रहा, जिसे बोर्ड के सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि यह केन्द्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक है। प्रो. राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें खगोल विज्ञान, गणित, तर्कशास्त्र, आयुर्वेद और जीवन प्रबंधन के विविध आयाम समाहित हैं। यह विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए उन्हें समकालीन वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। इस मौके पर कुलगुरु प्रो. राय ने बताया कि 'भारतीय ज्ञान परंपरा केन्द्र' के माध्यम से व्याख्यानमाला, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शोध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## नाता-विवाह पर लाखों की 'झगड़ा राशि' वसूली तो होगी कार्रवाई

# सामाजिक बहिष्कार करने वालों को भी नहीं मिलेगी राहत, एसपी ने जारी की चेतावनी

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** समाज में परंपरा और सामाजिक व्यवस्था के नाम पर वर्षों से चली आ रही कुछ कुप्रथाओं पर अब पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बालिग युवक-युवतियों के अपनी इच्छा से विवाह या नाता-विवाह करने के मामलों में परिवारों पर सामाजिक दबाव बनाकर लाखों रुपए की तथाकथित 'झगड़ा राशि' वसूलने तथा सामाजिक बहिष्कार जैसी प्रथाओं के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति या परिवार से अवैध रूप से धनराशि वसूलना, समाज से बहिष्कृत करना या सामाजिक प्रतिबंध लगाना कानूनन अपराध है और शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार जिले में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बालिग लड़का और लड़की की सहमति से विवाह या नाता-विवाह होने के बाद समाज के कुछ तथाकथित पंच-पटेल अथवा प्रभावशाली लोग परिवारों पर दबाव बनाकर झगड़े के नाम पर बड़ी रकम वसूलते हैं। कई बार यह राशि लाखों रुपए तक पहुंच जाती है और इसका निर्धारण भी मनमाने तरीके से किया जाता है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कुछ मामलों में इस तरह की वसूली के पीछे निजी स्वार्थ और आर्थिक लाभ की मंशा भी सामने आई है। ऐसी अवैध वसूली के कारण कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं, जबकि कुछ को अपनी जमीन-जायदाद तक बेचनी पड़ती है। इससे न केवल परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, बल्कि समाज के विकास, शिक्षा और प्रगति पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिग नागरिक को भारतीय संविधान और कानून के तहत अपनी पसंद से विवाह करने और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। कोई भी व्यक्ति, पंचायत, पंच-पटेल या सामाजिक समूह इस अधिकार में बाधा नहीं डाल सकता। यदि किसी व्यक्ति या परिवार पर सामाजिक बहिष्कार, अवैध जुर्माना, दबाव या धनराशि की मांग की जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि ऐसी कोई घटना सामने आती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष के संपर्क नंबर 7300453344 पर दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## नदियों को प्रदूषित करने वाले नेटवर्क की होगी जांच, फिर खुलेगी पुरानी एफआईआर

# भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा कसेगी SIT!

FAIR REPORT

**जोधपुर**

जोधपुर, पाली और बालोतरा जिलों में प्रदूषित नदियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआईटी (SIT) का गठन किया गया है। डीजीपी (DGP) राजीव कुमार शर्मा की ओर से 2 जून को इसे लेकर आदेश जारी किए गए हैं। यह एसआईटी इन तीन जिलों से निकलने वाली जोजरी, बांडी और लूणी नदी के प्रदूषण मामले की जांच करेगी। इसके साथ ही, इससे संबंधित सीईटीपी (CETP) से लेकर राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (RSPCB) के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा, एसआईटी इन तीनों जिलों में प्रदूषण के मामले में दर्ज पुरानी एफआईआर (FIR) को भी खंगालेगी। साथ ही, प्रदूषण फैलाने और भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर नई एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। सिविल राइट्स एंड एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की एडीजी (ADG) लवली कटीयार को इस स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा तीनों जिलों के एसपी और जांच अधिकारियों को भी इस टीम में शामिल किया गया है।



**अवैध नेटवर्क की जांच:** SIT दर्ज की गई हर एफआईआर की नए सिरे से जांच करेगी। साथ ही जोधपुर, पाली और बालोतरा में औद्योगिक कचरा (इंडस्ट्रियल वेस्ट), उसके बहाव, स्ट्रक्चर और उन गुप्त नालों (बायपास) की भी जांच की जाएगी जिनसे प्रदूषित पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है।

अवैध सिस्टम चलाने वालों पर शिकंजा: इस अवैध नेटवर्क और सिस्टम को चलाने वाली फैक्ट्रियों/ इंडस्ट्री, भू-माफियाओं और अन्य जिम्मेदार लोगों को चिह्नित (Identify) किया जाएगा। सीईटीपी और अधिकारियों की भूमिका की जांच: कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) के पदाधिकारियों के साथ-साथ राज्य सरकार, आरएसपीसीबी (RSPCB), रीको (RIICO) और स्थानीय निकायों के उन अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी, जिन्होंने इस प्रदूषण को बढ़ावा दिया या अनदेखी की। इस नेक्सस में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। जांच के दौरान यदि किसी भी एजेंसी या सरकारी अधिकारी का भ्रष्टाचार सामने आता है, तो उसके खिलाफ नए सिरे से मामला दर्ज करवाया जाएगा। प्रदूषण फैलाने में मिलीभगत या रिश्वतखोरी का मामला सामने आने पर भी तुरंत एफआईआर (FIR) दर्ज की जाएगी। आदेशों के अनुसार ये एसआईटी रिको, आरएसपीसीबी, जिला प्रशासन से डेटा कलेक्ट करेगी। इसके साथ ही जोधपुर आयुक्तालय, पाली और बालोतरा जिलों के पुलिस अधिकारियों को भी वे जांच में साथ में ले सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट की अगली पेशी से पहले एसआईटी को अपनी रिपोर्ट बनाकर पेश करनी होगी। हालांकि इन आदेशों के अनुसार हर 15 दिना में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (ADG) को अपराध शाखा के माध्यम से महानिदेशक पुलिस को पेश करनी होगी।

### ये अधिकारी होंगे जांच में शामिल

एसआईटी में अध्यक्ष लवली कटीयार (डीजीपी, सिविल राइट्स एंड एंटी ह्मन ट्रैफिकिंग), सदस्य देवेंद्र कुमार विश्नोई (पुलिस उप महानिरीक्षक, आरपीटीसी, जोधपुर), सदस्य पंकज यादव (कमांडेंट, प्रथम बटालियन, आरएसी, जोधपुर), जोधपुर जिले के लिए सदस्य कमल शेखावत (पुलिस उपायुक्त - पश्चिम, जोधपुर), जांच अधिकारी में नरेंद्र देवड़ा (अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोधपुर), पाली जिले के लिए सदस्य मोनिका सेन (एसपी, पाली), जांच अधिकारी: निशांत भारद्वाज (एएसपी, पाली), बालोतरा जिले के लिए सदस्य रमेश (एसपी, बालोतरा), जांच अधिकारी अनिल राजपुरोहित को शामिल किए गए। जानकारी के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को एक अवैध रंगाई-छपाई की फैक्ट्री पकड़ी थी। इसका पानी जोजरी नदी में छोड़ा जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और ड्रोन सर्वे के आधार पर थुंबली-भांडू क्षेत्र में एक बड़ी अवैध रंगाई-छपाई फैक्ट्री पर कार्रवाई कर उसे हटाया गया।

## CI की जेब में जबरन रखे थे 30 हजार रु., हुई जेल




**कोटा।** एसीबी कोर्ट ने पुलिस अधिकारी को रिश्वत देने के 17 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मसाला फैक्ट्री की मालकिन आजरा उर्फ हाजरा बेगम को 3 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। मसाला फैक्ट्री में मिलावटी माल मिलने पर फैक्ट्री मालकिन ने मामले को रफा-दफा करने के लिए निरीक्षण पर आए सीआई की जेब में 30 हजार रुपए रख दिए थे। सहायक निदेशक अभियोजन जया गौतम ने बताया- मार्च 2009 में कोटा पुलिस की स्पेशल टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुमानपुरा थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुरा में दो जगह पर मसाला फैक्ट्री पर छापा मार कार्रवाई की। सीआई नेत्रपाल की अगुवाई में टीम ने डॉ. सलीम की फैक्ट्री को चैक किया। मौके पर आजरा बेगम मिली। टीम को नकली मसाला बनाने का कच्चा माल भूसा, चपड़ी व रंग मिला था।

## धर्म परिवर्तन करवा कर जबरन निकाह का आरोप, रोजा रखने का दबाव बनाया... आरोपी के भाई ने भी किया रेप

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

जिले में 35 साल की एक महिला को नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाकर उसके साथ रेप करने और जबरन धर्म परिवर्तन करवा निकाह करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल कर सोने चांदी के जेवर, कैश सहित करीब एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। आरोपी और उसके परिजनों की प्रताड़नाओं से परेशान होकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उसकी बहन आरोपी की दुकान पर काम करती थी इसी के चलते उसके नंबर आरोपी के पास थे। आरोपी युवक ने उसकी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसे एक रिसॉर्ट में बुलाया। यहां



उसके साथ जबरदस्ती रेप किया और उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना इनको वायरल करने और उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। कुछ दिन बाद ये युवक उसे दिल्ली में एक धर्म स्थल पर ले गया और यहां उसे जबरन खजूर खिलाकर कलमा और आयतें पढ़ाई और उसका धर्म परिवर्तन कराकर जबरन निकाह कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर अपने पिता भाई और भतीजे के बैंक अकाउंट में 20 लख रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके साथ ही उसकी सोने की चेन, अंगूठियां, चूड़ियां और मां का मंगलसूत्र भी हड़प लिया। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल कर उसके नाम पर 80 लाख रुपए का लोन पास करवा लिया। इस तरह से उसके पास से करीब 1 करोड़ रुपए की रकम लूट ली। निकाह के बाद आरोपी के भाई ने भी उसके साथ रेप किया। आरोपी के परिवार वालों द्वारा उस पर इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया गया। आरोपी की मौसी, बहन और पिता जबरन उसे नमाज पढ़ने, रोजा रखने और नॉनवेज खाने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

## लापरवाही पड़ी भारी: 1 दिन में हुए 229 चालान, 40 ओवरस्पीड वाहन भी पकड़े

FAIR REPORT

**नागौर**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नागौर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 जून से 30 जून तक चल रहे अभियान के दौरान 2 जून को जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन तथा यातायात उप अधीक्षक उम्मेद सिंह के सुपरविजन में की गई कार्रवाई में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 229 चालान किए गए तथा 20,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।



कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 59 चालकों, ओवरस्पीड के 40 मामलों, बिना नंबर प्लेट के 37 वाहनों, काली फिल्म लगे 19 वाहनों, ओवरलोड सवारी ढोने वाले 8 वाहनों तथा सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 17 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने के 4 मामलों और अन्य 44 नियम उल्लंघनों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## चित्तौड़गढ़ में स्वच्छता की हाईटेक शुरुआत, अब इलेक्ट्रिक वाहनों से होगा घर-घर कचरा संग्रहण

# 35 हजार घर डिजिटल मॉनिटरिंग से जुड़ेंगे, GPS ट्रैकिंग और बारकोड सिस्टम से होगी रियल-टाइम निगरानी

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था अब तकनीक के सहारे नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। नगर परिषद ने कचरा संग्रहण प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों, जीपीएस ट्रैकिंग, आरएफआईडी और डिजिटल मॉनिटरिंग आधारित नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इस पहल से न केवल कचरा संग्रहण व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों को भी स्वच्छता सेवाओं की निगरानी और शिकायतों के त्वरित समाधान की सुविधा मिलेगी। नगर परिषद द्वारा आगामी 45 दिनों में शहर के करीब 35 हजार घरों को डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। नई व्यवस्था के तहत घर-घर से कचरा संग्रहण इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से किया जाएगा। इन वाहनों की गतिविधियों पर जीपीएस आधारित निगरानी रखी जाएगी, जिससे कचरा संग्रहण कार्य की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। नगर परिषद ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के अनुरूप कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में भी बड़ा कदम




उठाया है। अब घरों से निकलने वाले कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में एकत्रित किया जाएगा। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा और विशेष कचरा शामिल होगा। इससे कचरे का पृथक्करण आसान होगा और उसके पुनर्चक्रण व निस्तारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन सकेगी। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशेष बारकोड कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्ड में परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज होगी। कचरा संग्रहण वाहन के कर्मचारी घर जाकर इस कार्ड को स्कैन करेंगे, जिससे यह रिकॉर्ड होगा कि किस घर से कब और कितना कचरा संग्रहित किया गया। इससे पूरी प्रक्रिया की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र यादव ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में आरएफआईडी आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके अलावा नागरिकों को एक मोबाइल एप भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके जरिए वे अपने क्षेत्र में आने वाले कचरा संग्रहण वाहन की लाइव लोकेशन और निर्धारित समय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरे को निर्धारित श्रेणियों के अनुसार अलग-अलग रखें और संग्रहण वाहनों में चिन्हित बॉक्सों में ही डालें, ताकि उसका वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छ, व्यवस्थित और तकनीक आधारित चित्तौड़गढ़ के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# Bolero Pickup Carrying 1.27 Tonnes of Doda Chura Seized Under Operation Trinetra

**Driver Escapes Into Forest After Spotting Police Checkpoint; 59 Sacks Recovered**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-**Kanera Police, under Operation Trinetra, seized a Bolero pickup loaded with 12 quintals 73 kg 830 grams of illegal opium doda chura. The driver abandoned the vehicle and fled into a nearby forest after noticing a police checkpoint near Ghatarani. According to SP Dharmendra Singh Yadav, the action was carried out under the anti-narcotics campaign being conducted across the district on the directions of IG Udaipur Range Gaurav Srivastava. The operation was supervised by ASP Mukul Sharma and DSP Nimbahera Badrilal. During a checkpoint near Ghatarani, a Bolero pickup coming from the Athana (MP) side was seen approaching. On noticing the police barricade, the driver stopped the vehicle about 50 metres before the checkpoint and ran into the forest under the cover of darkness. Police teams chased and searched for the suspect, but he managed to escape due to the dense forest and poor visibility at night. A search of the abandoned vehicle led to the recovery of 59 plastic sacks containing illegal doda chura. After weighing, the total quantity was found to be 12 quintals 73 kg 830 grams. Police seized the narcotic substance along with the Bolero pickup and registered a case under the NDPS Act. Efforts are underway to identify and arrest the absconding driver and trace the source and destination of the consignment. The police team included SI Amrit Lal, ASI Balamukund, and constables Revta Ram, Ramniwas, Sunil, Suraj Singh and Dilip Singh.

# Mobile Shop Theft Solved, 9 Stolen Phones Worth Rs 2 Lakh Recovered

**Accused Arrested After Breaking Ventilator and Stealing Mobile Phones**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Nikumbh Police have solved a mobile shop theft case and arrested one accused. Police recovered 9 stolen mobile phones worth about Rs 2 lakh from his possession. According to police, complainant Arpit Bhanawat, a resident of Nikumbh, reported that unknown thieves broke the rear ventilator of his mobile shop at Nikumbh Chouraha and stole several mobile phones during the night of May 10. The theft was discovered when he opened the shop the next morning. Following the directions of SP Dharmendra Singh Yadav, a police team led by SHO Ramsingh investigated the case. CCTV footage from nearby areas was checked and information was collected through informers. During the investigation, police received information about a suspect present in Nikumbh village. The team detained Arjun Khatik (19), son of Ganpat Khatik, a resident of Nikumbh. During questioning, he confessed to the theft. The accused told police that he had been watching mobile shops at Nikumbh Chouraha for several days. Needing money for his personal expenses, he conducted a recce of the area and later broke the shop's ventilator at night to enter and steal the mobile phones. Police arrested the accused and recovered 9 stolen mobile phones worth around Rs 2 lakh based on his information. Further investigation is underway. The police team included SHO Ramsingh, ASI Surendra Singh, and constables Lalsingh, Suryapal Singh and Sandeep.

# TMC SPLITS:

## 58 REBEL MLAs BREAK AWAY, RITABRATA BANERJEE NAMED LEADER OF OPPOSITION

**In a dramatic rupture within West Bengal's ruling dispensation, Mamata Banerjee's Trinamool Congress faces its most serious internal revolt in years**

FAIR REPORT

**KOLKATA:** The Trinamool Congress, long projected as Mamata Banerjee's unassailable political fortress in West Bengal, showed its first serious cracks on Wednesday as expelled MLA Ritabrata Banerjee claimed the support of 58 legislators and was elected Leader of Opposition in the state Assembly — a development that strikes at the very foundation of TMC's dominance in the state.

The rebellion carries a sharp intra-party edge. The trigger, sources indicate, was a letter sent on the letterhead of Abhishek Banerjee — Mamata's nephew and the party's organisational strongman — to the Speaker, proposing Shobhandev Chattopadhyay as the Leader of Opposition. The move was read by the dissenters as a unilateral imposition, one that bypassed democratic deliberation within the legislature party. Ritabrata Banerjee, whose expulsion from TMC now reads less like a political obituary and more like a launchpad, wasted no time in consolidating his position. With 58 MLAs behind him — a number, if accurate, that represents a formidable bloc — he has staked a credible claim not just to a legislative title, but to a counter-narrative within Bengal's opposition space.

### The Abhishek Factor

At the heart of this fracture lies the growing perception of a parallel power centre within TMC. Critics within the party have long bristled at what they describe as Abhishek Banerjee's consolidating grip over party apparatus — from ticket distribution to legislative decisions. The letter to the Speaker appears to have been the flashpoint that converted simmering resentment into open revolt.

# BORN IN INDIA, PLAYING THE WORLD: FOUR PLAYERS OF INDIAN ORIGIN SET TO LIGHT UP FIFA WORLD CUP 2026

**For the first time since Vikash Dhorasoo wore French colours in 2006, the subcontinent's footballing diaspora returns to the grandest stage of them all**

FAIR REPORT

**NEW DELHI:** When FIFA's grandest carnival kicks off on June 11, India will not have a team on the pitch — but it will have a story worth telling. Four players of Indian origin are set to feature at the FIFA World Cup 2026, marking the most significant representation of the subcontinent's footballing diaspora on the global stage in two decades.

The last time a player of Indian heritage graced a World Cup was in 2006, when Vikash Dhorasoo — born to Indian parents — pulled on the blue of France. Nearly twenty years later, four names are poised to carry that baton forward, each flying the flag of a different nation, each with roots stretching back to the soils of Kerala, Tamil Nadu, and Punjab.




**The Four:** Tahseen Mohammed will represent Qatar, the defending host nation still finding its feet among the world's elite. Nishan Velupillai carries the green and gold of Australia, a nation that has emerged as a genuine footballing force in Asia. Sarpreet Singh, the most recognisable name among the quartet to Indian fans, dons the white of New Zealand — a player who has already tasted European club football. And Samuel Moutousamy represents the Democratic Republic of Congo, his Indian heritage woven into a Franco-African footballing identity.

### A Diaspora Moment

The significance of this convergence is not lost on those who follow Indian football's tortured relationship with the world game. India itself remains marooned outside FIFA's top tier, perennially promising but perpetually absent from World Cup qualification. Yet its people — spread across generations and geographies — are writing their own World Cup chapters. That all four trace ancestry to India's footballing heartlands — Kerala's storied club culture, Tamil Nadu's quiet passion for the game, Punjab's athletic tradition — makes the moment richer still.

# BJP-RSS harbour anti-Adivasi mindset: Rahul Gandhi

FAIR REPORT

**New Delhi:** Congress leader and Leader of Opposition in the Lok Sabha, Rahul Gandhi, launched a direct attack on the Bharatiya Janata Party (BJP) and the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) on Wednesday, accusing them of harbouring an anti-Adivasi mindset. Gandhi claimed that the ruling dispensation is actively seeking to deprive tribal communities of their constitutional rights over water, forests, and land. The Congress leader made these remarks after participating in the Adivasi Professionals Conclave 2026, an event organised by the Adivasi Congress at Indira Bhawan. Gandhi began his address by paying respects to the iconic tribal freedom fighter Birsa Munda, before engaging in a detailed discussion on the systemic issues currently confronting tribal populations across India. He asserted that Adivasis are the original custodians of India, embodying the country's deepest historical consciousness and wisdom.

Gandhi drew a sharp ideological contrast between the definitions used by the Congress and the right-wing ecosystem, arguing that the term "Vanvasi" used by the BJP and RSS is a deliberate attempt to dilute tribal identity.

According to him, the word "Adivasi" signifies the original inhabitants and first owners of the land. In contrast, the term "Vanvasi" merely conveys the idea of forest dwellers, stripping them of their distinct culture, history, and languages.

He argued that categorising communities solely by their geographical residence reduces a rich heritage to a generic label, akin to calling anyone living in the forests of Japan or Africa by the same name. Gandhi emphasised that for any community or nation to progress, it must first understand its cultural identity and roots. He described the Adivasi community as the very roots of India, the first to anchor itself in the soil. The Leader of the Opposition further warned against ongoing efforts to obliterate national heritage and sever ties to this cultural treasure.

# Rewarded SI Arrested in SI Recruitment Exam Paper Leak Case

**Was Posted in Chittorgarh, Had Been Absconding Since September 2025**

FAIR REPORT

Chittorgarh- The Special Operations Group (SOG) has arrested a selected Sub-Inspector (SI) and a reward-listed accused in the SI Recruitment Exam-2021 paper leak case. The accused, Dinesh Kumar, had been absconding for a long time and carried a reward of Rs 10,000 on his arrest. According to ADG SOG Vishal Bansal, Dinesh Kumar (31), a resident of Jalore district, was detained with the help of Jalore Police on June 2 and later arrested. He was produced before a court, which sent him to police remand till June 8. His sister, Nirma Kumari, who is also wanted in the case, is still absconding. SOG investigation revealed that Nirma Kumari was known to alleged paper leak mastermind Jagdish Vishnoi. It is alleged that Dinesh Kumar and his sister obtained the solved question paper before the SI Recruitment Exam-2021 and appeared in the examination after studying it. In the written examination held on September 15, 2021, Dinesh Kumar scored 141.55 marks in Hindi and 167.89 marks in General Knowledge out of 200 marks each. His sister scored 180.94 marks in Hindi and 156.90 marks in General Knowledge. According to investigators, Dinesh secured 182nd rank in the merit list and was selected as an SI after allegedly using the leaked paper. His sister, despite scoring well in the written exam, could not clear the interview stage and was not selected. Dinesh Kumar was working as a constable in Udaipur district from the 2015 batch. After his selection as an SI, he was posted in Chittorgarh. Following his training, he was serving at the Reserve Police Line in Chittorgarh. SOG said he was called to join the investigation after evidence emerged against him, but he failed to appear. In September 2025, he went absconding from the Reserve Police Line, Chittorgarh. A reward of Rs 10,000 was later announced for information leading to his arrest. According to SOG, a total of 143 accused have been arrested so far in the SI Recruitment Exam-2021 paper leak case, and the investigation is still underway.

# Drugs Hidden Among Onion Sacks, 61 kg Doda Chura and Opium Recovered from Truck

**Smuggler from Jammu & Kashmir Arrested After Trying to Escape Police Checkpoint**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-**Drug smugglers are using new methods to avoid police detection, but under Operation Trinetra, police are continuously cracking down on such networks. Sadar Nimbahera Police arrested a smuggler and recovered 61 kg 100 grams of illegal opium doda chura and 125 grams of opium hidden among onion sacks during highway checking. The truck used for smuggling has also been seized. SP Dharmendra Singh Yadav said the action was carried out under Operation Trinetra being conducted on the directions of IG Udaipur Range Gaurav Srivastava, under the guidance of ASP Mukul Sharma and the supervision of DSP Nimbahera Badrilal Rao. Under the direction of SHO Sanjay Sharma, SI Suresh Paliwal and his team were conducting checking near Wonder Pulia on the highway in front of the police station. During the checking, a Jammu & Kashmir-registered truck coming from the Neemuch side was stopped and searched. During the search, police recovered 61 kg 100 grams of illegal opium doda chura packed in four plastic sacks hidden among onion sacks, along with 125 grams of opium kept in a plastic bag. According to police, the truck driver first slowed down after seeing the checkpoint and then tried to escape. The police team surrounded the vehicle and caught him. During questioning, the driver's behaviour and answers raised suspicion, following which the truck was searched and the narcotics were recovered. The arrested accused has been identified as 52-year-old Jeevan Raj, son of Prakash Nath, a resident of Udhampur, Jammu & Kashmir. Initial questioning revealed that the accused had earlier transported narcotics consignments from Madhya Pradesh to Punjab. Police are questioning him to gather information about other members of the smuggling network, suppliers and buyers. Police said the investigation is underway to find out where the seized narcotics were brought from and where they were to be delivered. Efforts are being made to uncover the entire syndicate linked to the case.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com